युवा प्रकोष्ठ द्वारा आरक्षण आंदोलन का आगाज

माई झुं. न्यूज। राजस्थान ब्राह्मण महासभा युवा प्रकोष्ठ की ओर से शुक्रवार को बावलियों की बगीची में रुद्राभिषेक कर आरक्षण आन्दोलन की शुरुआत की गई। जिला अध्यक्ष महेश हरितवाल के नेतृत्व में प्रकोष्ठ पदाधिकारियों ने 51 किलो दूध से शिव का अभिषेक किया।

प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष आनंद पुजारी, उपाध्यक्ष विनम्र बावलिया, राहुल शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष जितेन्द्र खाजपूरिया, उपाध्यक्ष ऋषिकेश, कोषाध्यक्ष कृष्णचंद जोशी, संगठन मंत्री मुकेश शुक्ला, चंद्रप्रकाश जोशी, रामनारायण पुरोहित, प्रचार मंत्री मनोज कुमार ढाणीवाला आदिने रूद्राभिषेक में भाग लिया। अनुष्ठान मंत्री पं. वेदप्रकाश महमिया ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रूद्राभिषेक कार्यक्रम कराया।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष डॉ. दयाशंकर बावलिया, एडवोकेट महेश शर्मा, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष पवन पुजारी, महेश बसावतिया, उमाशंकर महमिया, प्रो. योगेश शर्मा, प्रो. जितेन्द्र शर्मा, रामगोपाल महमिया, महेन्द्र पुरोहित, एडवोकेट अनुपम शर्मा, प्रदीप पंडित, विक्रांत जोशी, नवीन पुजारी, हेमंत पुजारी, विनोद पेंटर, मनीष शर्मा आदि भी उपस्थित थे।

आई एम आर ने की शोक सभा

माई झुंझुनूं न्यूज। डॉ. प्रतापसिंह दुतड़ के पुत्र की हत्या उपरान्त प्रात:कालीन रा.बी.डी.के. अस्पताल परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें सभी चिकित्सकों ने गहरा दु:ख एवं संवेदना प्रकट करते हुए इस कृत्य की घोर निन्दा की। दु:ख की इस घड़ी में उनके परिवार को इसे सहन करने का सम्बल प्रदान करें। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सभी ने मौन रखा तथा ईश्वर से प्रार्थना की कि शोक संतप्त परिवार को इसे सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

आई.एम.ए. के आव्हान पर सभा के पश्चात सभी चिकित्सकों ने आपातकालीन सेवा बहाल रखते हुए कार्य स्थगन रखा तथा प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कर इस साजिश का पर्दाफाश करने की मांग की।

शिक्षा से ही व्यक्तित्व का विकास संभव पारीक

माई झुं. न्यूज। गुरुवार को रात्रि को ग्राम टोडरवास स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश शशि कुमार पारीक ने कहा कि आज के इस वर्तमान युग में तकनीकी शिक्षा जरूरी है। शिक्षा से ही व्यक्तित्व का विकास संभव है। बिना कम्प्यूटर ज्ञान के शिक्षा अधूरी है। समारोह के विशिष्ट अतिथि झुंझुनूं के युवा व्यवसायी उद्यमी प्रमोद खण्डेलिया, एलआईसी के पूर्व अधिकारी सुधाकर शर्मा, माइक्रोसाफ्ट ट्रेनर डाइट झुंझुनूं के नरेश कुमार शर्मा, पवन बोयल व मोहनलाल पूनिया विशिष्ट अतिथि थे। समारोह में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत व अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में की प्रस्तुतियां दी। सरस्वती विद्या मंदिर के निदेशक जीवण सिंह पूनिया ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा आभार व्यक्त किया।

छावनी नरेश बालाजी सेवा समिति द्वारा ध्वज पद यात्रा 15 सितम्बर को

माई झुं. न्यूज। श्री छावनी नरेश बालाजी सेवा समिति द्वारा अगले महीने झुंझुनूं से सालासर बालाजी धाम तक निकाली जाने वाली ध्वज पदयात्रा के प्रभारी पवन कुमार वर्मा व संयोजक भरत कुमार तुलस्यान ने बताया कि सेवा समिति द्वारा ध्वज पदयात्रा झुंझुनूं से सालासर धाम तक जायेगी। उन्होंने बताया कि यात्रा प्रारम्भ से पूर्व 14 सितम्बर को छावनी बाजार मंदिर में सांय सामुहिक रूप से ध्वज पुजन होगा उसके पश्चात रात्रि को विशाल जागरण होगा जिसमें शेखावाटी आंचल के जाने माने भजन गायक कलाकार भजनों की रस गंगा बहायेंगे। उसके बाद दूसरे दिन 15 सितम्बर शनिवार को प्रात: सात बजे ध्वज पुजन होगा तथा आठ बजे यात्रा मंदिर प्रांगण से सालासर बालाजी धाम के लिये रवाना होगी।

वर्मा ने बताया कि चार दिवसीय इस ध्वज पद यात्रा का प्रथम रात्रि विश्राम मुकुन्दगढ शहर स्थित बावलिया बाबा मंदिर प्रांगण, उसके बाद 16 सितम्बर को लक्ष्मणगढ़ के सप्तऋिषीभवन में सोमवार को धानणी स्थित बालाजी सेवा समिति के विश्राम भवन में रात्रि विश्राम होगा जहां विशाल रात्रि जागरण भी होगा जिसमें बऊधाम के पीठाधीश्वर श्रीरतीनाथ जी महाराज अपने श्रीमुख से भक्ति संगीत की रसगंगा बहायेंगे तथा मंगलवार को प्रात: यह यात्रा यहां से प्रारम्भ होकर सुबह ग्यारह बजे शेखावाटी के विद्वान संत पूज्य रतिनाथजी महाराज के नेतृत्व में सभी भक्त अपनी अपनी ध्वजा बालाजी महाराज के श्रीचरणों में अर्पित करेंगे। इसके पश्चात यहां पर प्रसाद का आयोजन होगा जिसमें बड़ी संख्या में झुंझुनूं से पधारे बालाजी के सेवक लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे। यात्रा में जाने के इच्छुक बालाजी महाराज के भक्त मो. नम्बर 9351391641 व 9352603464 पर सम्पर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इनके अलावा भरतु कुमार तुलस्यान व श्याम एस टी डी पी सीओ , यूकों बैंक के पास भी जाने वाले भक्त सम्पर्क कर सकते हैं।

राजस्थान ब्राह्मण महासभा (युवा प्रकोष्ठ) का जिला स्तरीय सम्मेलन

माई झुं. न्यूज। राजस्थान ब्राह्मण महासभा (युवा प्रकोष्ठ) के रविवार को झुंझुनूं जिला स्तरीय सम्मेलन खेतड़ी को सम्बोधित करते हुये सभा के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मणसमाज के पांच बड़ी ऐतिहासिक रैलियां करने के बाद भी ब्राह्मण वोटों के महत्व को नहीं समझा गया। अब राज्य में ब्राह्मणों में बढ़ते संगठन को देख भाजपा व कांग्रेस सहित सभी राजनीतिक पार्टियों की नीन्द हराम हो गई है। सम्मेलन को जयपुर ग्रामीण विधायक बृजकिशोर शर्मा, नारनौल के पूर्व विधायक कैलाशचन्द्र शर्मा, महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष केशरी शर्मा, वास्तुविद् गणेश शंकर शास्त्री, विद्यार्थी महाराज, प्रदेश उपाध्यक्ष पवन पुजारी, कुलदीप शर्मा सहित दर्जनों वक्ताओं ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर नारायणदत तिवाड़ी, सुरेश जोशी, कन्हैयालाल शर्मा, भवानी शंकर शर्मा, रघुवीर पारीक, हरिश शर्मा, पवन कौशिक, निरंजनलाल शर्मा, जगदीप शर्मा, पूरणमल शर्मा, लवकुमार, महेश बसावतिया, स्वदेश कपिल, सुशील कुमार शर्मा, सुरेश पाण्डे सहित जिले भर से आए समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे। पुलिस उप अधीक्षक राकेश काछवाल के नेतृत्व में पूरे समय पुलिस जवान व्यवस्था में जुटे रहे। ब्राह्मण समाज के नेताओं ने काफिला का प्रतापपुरा में पूर्व विधायक हजारीलाल के नेतृत्व में गुर्जर समाज के लोगों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

हार्दिक श्रृद्धांजलि

- **स्व. श्रीमती गिन्नी देवी जालान धर्मपत्नी स्व. श्री नथमल जी जालान** स्वर्गवास 11 अगस्त 2007 वार शनिवार सुपुत्र प्रमोद कुमार जालान एवं कृष्ण कुमार जालान फर्म झाबरमल नथमल, कपड़ा बाजार, झुंझुनूं
- **स्व. श्री चन्डी प्रसादजी रूंगटा** स्वर्गवास दिनांक 16 अगस्त 2007 सुपुत्र मुरारीलाल रूंगटा एंव रविकान्त रूंगटा
  फर्म- रूंगटा होजरी सेन्टर, सब्जी मण्डी झुंझुनूं
- **स्व. श्री रामावतार जी बेरीवाला** स्वर्गवास 18 अगस्त 2007 सुपुत्र उमाशंकर, संजय एवं बालगोविन्द बेरीवाला, भ्राता श्रीबाबूलाल जी, श्री नन्दकिशोर जी एवं श्री विनोदकुमार जी बेरीवाला मण्डी मुकुन्दगढ
- **स्व. श्री विजय कुमार जालान** सुपुत्र स्व. श्री टोडरमल जी जालान स्वर्गवास दिनांक 21 अगस्त 2007 झुंझुनूं निवासी सूरत जुगलकिशोर, पवन कुमार, हरिनारायण शिवशंकर के भ्राता,
  फर्म- टोडरमल जुगलकिशोर जालान झुंझुनूं

जो हमसे बिछुड़ गये है हम उनके प्रति शोक प्रकट करते है एवं परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करते है कि वे दिवंगत आत्मा को शांति एवं सदगति प्रदान करें एवं शोक संतप्त परिवारों को यह आघात सहन करने की शक्ति दें। -माई झुंझुनूं डॉट कॉम

झुंझुनूं एकेडमी का पोस्टकार्ड अभियान

माई झुं. न्यूज। विज्डम सिटी झुंझुनूं एकडमी (सीएसबीई) के विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, रक्षामंत्री प्रवण मुखर्जी, केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री अंबूमणि रामदास एवं केन्द्रीय खनन मंत्री शीशराम ओला को पत्र लिखकर मांग की है कि तम्बाकू उत्पादकों पर लिखित वैद्यानिक चेतावनी के साथ-साथ सचित्र चेतावनी भी दी जाए।

विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री के नाम अपने पत्र में आग्रह किया है कि हम झुंझुनूं एकेडमी, झुंझुनूं के विद्यार्थी आपसे नम्र निवेदन करते है कि भारत वर्ष की लगभग 40 करोड़ जनसंख्या निरक्षक है जो कि तम्बाकू उत्पादकों पर लिखित वैधानिक चेतावनी को नहीं समझ सकती है।

अत: सचित्र चेतावनी को वैधानिक मान्यता प्रदान करें, ताकि उनके स्वास्थ्य एवं भविष्य की रक्षा की जा सके। विद्यार्थियों की मांग थी कि अधिकतर ग्रामीण जनता एवं मजदूर वर्ग निरक्षर होते हैं, अत: बीड़ी सिगरेट, खैनी, गुटखा इत्यादि के पैकेटों पर सचित्र चेतावनी को वैधानिक मान्यता प्रदान की जाए ताकि निरक्षर जनता तम्बाकू उत्पादकों के हानिकारक प्रभावों से अवगत हो सके तथा इनका प्रयोग उपयोग बंद कर दे।

जीवेम के ह्यूमन रिसोर्ट मैनेजर खान शहीद वाहब को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें हर स्तर पर तम्बाकू रहित समाज के सपने के लिए प्रयत्न करना चाहिए।

जेबी शाह कालेज में हुई फ्रेशर प्रतियोगिता

माई झुं. न्यूज। जे बी शाह गर्ल्स कालेज में शनिवार को नए प्रवेश लेने वाली छात्राओं के सम्मान में रंगारंग कार्यक्रम व मिस फ्रेशर कांटेस्ट में नवागंतुक छात्राओं ने हिस्सा लिया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत में मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित किया गया। निष्ठा राव व रजनी ने सरस्वती वंदना की।

छात्राओं ने नवागंतुक छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। विद्यालय की छात्राओं ने शानदार नृत्य, कविता, गीत आदि प्रस्तुतियां दीं। मिस फ्रेशर कांटेस्ट में मोनिका चौधरी ने बाजी मारते हुए मिस फ्रेशर के ताज पर कब्जा जमाया। मोनिका गुप्ता प्रथम व सुशीला पूनियां द्वितीय रनअप रही।

कार्यक्रम का संचालन प्रियंका प्रेमजानी, सुचेता सैनी व प्रगति तुलस्यान ने किया। प्राचार्य डॉ. मधुलिका सक्सेना ने छात्राओं की अपने संबोधन में विद्यालय की प्रगति की जानकारी प्रदान की तथा नवागन्तुक छात्राओं का स्वागत किया।

आप ही ने बनाया,
हमें निरन्तर सफल
आप ही से बांटेंगे,
हम खुशियां हर पल

सर्राफ परिवार द्वारा आदर्श बाल निकेतन में कमरा निर्माण

माई झुं. न्यूज। झुंझुनूं प्रगति संघ मुम्बई द्वारा संचालित आदर्श बाल निकेतन झुंझुनूं में जगदीश नन्दलाल तुलस्यान के बाई एवं जीजाजी श्यामसुन्दर व श्रीमती राधादेवी सर्राफ मुम्बई निवासी द्वारा विद्यालय की दूसरी मंजिल पर बड़ा कमरा विज्ञान कक्षा के हेतु तथा 20 पंखों की राशि लगभग 4 लाख रुपये शुभकरण श्यामसुन्दर सर्राफ चैरिटी ट्रस्ट के निमित प्रदान करने की स्वीकृति दी है। दानदाता का आभार एवं अभिनन्दन।

"क्या हम आने वाले 50 साल वैसे ही गुज़ारना चाहते हैं जैसे पिछले पचास साल गुज़रे थे ?"कुछ करने की भी कीमत चुकानी पड़ती है और कुछ न करने की भी चुकानी पड़ती है।फैसला आपका है।"अगर हम समाधान का हिस्सा नहीं है तो हम ही समस्या हैं।" शिव खेडा

झुंझुनूं इंट. कॉलेज में नैतिक जागृति व्याख्यानमाला

माई झुं. न्यूज। विज्डम सिटी (समसपुर रोड,झुंझुनूं) परिसर स्थित झुंझुनूं इन्टरनेशनल कॉलेज प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित नैतिक, जागृति कार्यशाला का प्रबुद्ध अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन से शुभारम्भ किया गया। कार्यशाला के स्वागत भाषण में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रविन्द्र सिंह शेखावत ने पधारे हुए अतिथियों का स्वागत किया।

थिरपाली बड़ी, झुंझुनूं से पधारे स्वामी श्री ऊं पूर्ण स्वतंत्र ने अध्यात्म व विज्ञान के संतुलित समन्वय को वर्तमान युग की महती आवश्यकता बतलाया। गांधी विनोबा की तपोभूमि पवनार आश्रम वर्धा के श्री अभिषेक अज्ञानी ने बच्चों को भगवत गीता के नैतिक मूल्यों के अध्ययन से वैदिक संस्कृति व भारतीय संस्कारों के संरक्षण पर जोर दिया। इस आश्रम से पधारी सुश्री मधुकांता जोशी ने नियमित रूप से गीता के अध्ययन पर बल दिया। कार्यशाला के अंत में जीवेम समूह के चेयरमैन दिलीप मोदी ने आगन्तुक अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर उप प्राचार्य डॉ. खान शाहिद वहाब, एन.एस.एस. प्रभारी हंसराज राव, आमिना फातिमा, विज्ञान विभागाध्यक्ष आर.के. पुरोहित तथा अन्य व्याख्याता उपस्थित थे।

शिक्षा के विकास में भामाशाहों का महत्वपूर्ण योगदान-धींवा

माई झुं. न्यूज। स्वाधीनता दिवस के पर्व पर बिशनपुरा पंचायत के ग्राम बिंजुसर में सेठ मुरलीधर राजकीय प्राथमिक विद्यालय में धूमधाम से स्वतन्त्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर श्री कुरड़ाराम धींवा की अध्यक्षता में विद्यालय के लिए भूमि दान करने वाले भामाशाहों का सम्मान किया गया तथा नामांकन पट्टिका का अनावरण किया गया। उक्त विद्यालय को बिंजूसर गांव के श्री ताराचन्द कुलहरि, श्री कुशलचन्द कुलहरि, श्री नारायण सिंह कुलहरि, श्री रघुवीर सिंह कुलहरी आदि भामाशाहों ने भूमि दान दी थी जिसमें सेठ मुरलीधर ने भवन निर्माण का कार्य करवाया।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच श्री भरतमल शर्मा, पूर्व सरपंच श्री जगदीश कुलहरि, नरोत्तम लाल जांगिड़, नारायणसिंह कुलहरि, प्रकाश, श्रवण,डॉ. सुनिल काला, मोहरसिंह पूनिया,नाहरसिंह एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

उधर ग्राम पंचायत बिशनपुरा के पंचायत भवन में नवयुवक मण्डल द्वारा ध्वजारोहण का आयोजन किया गया जिसमें पंचायत प्रमुख श्रीमती सरोज धींवा ने ध्वजारोहण किया तथा इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए श्रीमती धींवा ने कहा कि पंचायत राष्ट्रीय विकास की रीढ है।

न्यू राजस्थान कॉलेज में मिस फ्रेशर प्रतियोगिता

माई झुं. न्यूज। न्यू राजस्थान बालिका पीजी कॉलेज में बुधवार को हुई मिस फ्रेशर प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि डी.आर.डी.ए. की एईएन निशा चौधरी कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष विनोद ढूकिया की उपस्थित में किया गया। कॉलेज की छात्रा पूजा पारीक, बबीता जांगिड़, प्रियंका नेहरा ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की।

मुख्य अतिथि इंजी. निशा चौधरी ने छात्राओं को सफलता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। प्रतिस्पर्धा में प्रथम अंकित जांगिड़ बी.ए.पार्ट प्रथम, द्वितीय मनीषा अग्रवाल तथा तृतीय स्थान सरिता चौधरी रही। कार्यकम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. राकेश राव ने आगंतुकों का स्वागत किया।

संस्था प्रबंध निदेशक इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने कहा कि छात्राओं को सांस्कृतिक कार्यक्रम में अच्छे प्रदर्शन के साथ-साथ अध्ययन में कड़ी मेहनत कर प्रशासनिक सेवाओं में जुड़ने चाहिए। कार्यक्रम में इंजि. कमल कुलहरि, आरजे यादव एवं अन्यजन उपस्थित थे।

पुण्यतिथि 21 अगस्त 2001

स्मृति शेष मधुसूदन तुलस्यान

छठी पुण्यतिथि पर हमारी भावभीनी श्रृद्धांजलि..

विराट विश्व में रंग-बिरंगे फूल देखे जाते हैं। कई फूल इनमें अपने अज्ञान स्वरूप सुगन्धहीन रूप पर ही इतराते रहते हैं। कई फूल खाद व पानी का अभाव अनुभव करने वाले होते हैं जिनकी कली मुरझाई ही रहती है। कई संत स्वरूप फूल खाद पानी व धूप से फलीभूत खिलकर अपनी सुगन्ध फैलाते ही रहते है। कुछ फूल सुगन्ध प्रसारित कर शीघ्र अनन्त में विलीन हो जाते हैं। ऐसे में ईश्वर के भावपूर्ण रस से परिपूर्ण, मर्यादामय व अपने सद्गुण की सौरभ का उपासक कर्मठ व्यापारी सादगी जीवन और लायन्स क्लब में 10 वर्ष तक सक्रिय समाज सेवी अपने सपनों का संसार रचाकर जीवन मझदार में अकस्मात अनन्त में विलीन हो गया। बीता हुआ कल आज भी स्मृति मय है और सभी के जीवन का आईना है। यह भावना दिवंगत जीवन के प्रति आस्था जगाये रखती है और वर्तमान काल का मूल्य समझाती है। भविष्य अज्ञात है।

ईश्वर ने दी सदा मानव को शक्तियां जीवन के हरके दिन, शांति प्रत्येक कर्म श्रम के साथ बांधी रोशनी की राहे चुन-चुन।
ईश्वर ने नहीं कहा कि दूंगा सदा स्वच्छ नीला आकाश
ओर फूल भरी राहें जीवन भर बिन बादल व बरसात।
बिन दुख के आनन्द न होगा, शांति बिना प्रलाप, जाहि विधि राखे प्राणदाता, ताहि ताहि विधि रहिए

इस पुण्यात्मा की दिव्य ज्योति का प्रकाश परिवार में सभी को सदा आत्मबल व सदप्रेरणा दे। हमारा जीवन इस गौरव गाथा को नित्य स्मर्ण करता रहे-

भ्राता - कृष्ण मुरारी, शिवशंकर, कुंजबिहारी, राजेन्द्र कुमार
पुत्र - दीपक फुफा - श्याम सुन्दर सर्राफ मुम्बई
माता-पिता - द्रोपती देवी- नंदलाल तुलस्यान, झुंझुनूं
दामाद - संदीप नांगलिया सूरत, नितिन सुरेश हैदराबाद

भावना और भावुकता

निस्वार्थ निष्कपट भावना चेतना का सर्वोच्च शिखर है। यह जीवन साधना की धुरी है इसी से सद्गुणों का संचार व विकास होता है। जब विचार तरंगे आंतरिक भाव सरिता में शांत और स्थिर होती हैं तब उस स्थिर भाव दशा को भावना कहा गया है। लेकिन प्राय: देखा जाता है कि हमारे विचार तरंगों में पल-पल परिवर्तन होता रहता है। अज्ञानवस अस्थिरता का आवेग फूट पड़ता है। उस स्थिति को भावुकता कहा गया है। जैसे भोग, इच्छा, प्रतिफल की आशा व वासना आदि विचार तत्वों के साथ भावुकता होती है। यह प्राय: अस्थिर व चंचल होती है। मन अतीत की ओर होकर अशांत रहता है और कलुषित वासना पनपने लगती है। जैसे पुष्प को खिलने के लिए सिर्फ खाद पानी ही नहीं बल्कि पौधे को धूप भी चाहिए वरना पुष्प में रंग नहीं आयेगा। ऐसे ही हमारे अन्दर अमृत रूपी प्राण शक्ति यानि आत्मा का स्वरूप मन में अच्छी भावना रखने से जागृत होती है। सदैव यही भावना रखें मैं भगवान का ही हूं, भगवान का ही कार्य करता हूं मै जो भी शुद्ध सात्विक प्रसाद पाता हं वह भगवान के दरबार में रहकर ही मिलता है। उनके दिये हुए इस प्रसाद से इनके ही अंश जनों की सेवा करता हूं।

नन्दलाल तुलस्यान मुम्बई प्रवासी